# प्रश्नबैंक

## विषय – हिन्दी

# प्रथम सत्र

## इकाई 1 से 3

गुजरात शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गांधीनगर

कक्षा – 7


ગુજરાત શૈક્ષણિક સંશોધન અને તાલીમ પરિષદ, ગાંધીનગર

| | | |
|---|---|---|
| 4 | H 728 | भाषा की शाब्दिक और वाक्य संबंधी खूबियों को जानकर उचित उपयोग करते हैं। |
| 5 | H723 | शब्द के वचन परिवर्तन को जानकर उसका व्यवहार में प्रयोग करते हैं। |
| 6 | H727 | शब्दकोश का उपयोग करते हैं। |
| 7 | H724.01 | संज्ञा के प्रकार को समझते हैं। |
| 8 | H 715 | कोई घटना, प्रसंग, संवाद, चुटकुले और कहानी को मौलिक भाषा में अभिव्यक्त करते हैं । |
| 9 | H712 | 'क्या',' कौन',' क्यों', 'कैसे',' कब' और 'कहाँ' वाले प्रश्नों का उत्तर मौखिक और लिखित रूप से देते हैं । |
| 10 | H718 | शब्दों को सही क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाते हैं । |
| 11 | H708 | परिच्छेद को पढ़कर समझते हैं। |
| 12 | H717 | परिचित विषय पर अपने विचार मौखिक और लिखित रूप से व्यक्त करते हैं। |
| 13 | H 732 | काव्य पंक्तियों को पढ़कर उनका भावार्थ बता सकते हैं। |
| 14 | H715 | कोई घटना, प्रसंग, संवाद, चुटकुले और कहानी को मौलिक भाषा में अभिव्यक्त करते हैं। |
| 15 | H710 | ढाँचे पर से कहानी का कथन एवं लेखन करते हैं। |

**H704: छपी हुई और हस्तलिखित पाठ्य सामग्री पढ़कर समझते हैं।**


**अति संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न**

**प्रश्न :1. (1)** चित्र का अवलोकन करके प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) **(7)**



1. जलमार्ग पर सफर करने के लिए किस यातायात के साधन का उपयोग होता है ?
2. बच्चे क्या कर रहे हैं?
3. समुद्र से हमें क्या-क्या मिलता है?
4. समुद्र के किनारे कौन-से पेड़ ज्यादा होते हैं?
5. आकाश में क्या दिखाई देता है?
6. समुद्र का पानी पीने लायक क्यों नहीं होता?
7. समुद्र के पानी से आहार का कौन-सा घटक बनता है ?

**(2) चित्र का अवलोकन करके प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (7)**



1. हम किस प्राणी को माता का दरजा देते हें ?
2. चित्र में दिखाई देनेवाले पालतू प्राणियों के नाम लिखिए।
3. पक्षी क्या खाते हें ?
4. दूध देनेवाले प्राणियों के नाम लिखिए |
5. आपको पसंद हो ऐसे किसी एक प्राणी और एक पक्षी का नाम लिखिए |
6. चित्र में लड़का गाय को क्या खिला रहा है ?
7. दादा और लड़की कौन-सी प्रवृत्ति कर रहे हैं?

**(3) चित्र का अवलोकन करके प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (10)**



1. चित्र किस घटना के बारे में है ?
2. यातायात के किन साधनों के बीच में दुर्घटना हुई है ?
3. दुर्घटना किस जगह हुई है ?
4. दुर्घटना होने पर साइकिल की हालत कैसी हो गई ?
5. चौराहे पर सिग्नल क्यों होता है ?
6. दुर्घटना ना हो इसलिए हमें  क्या सावधानी रखनी चाहिए ?
7. आप दुर्घटना पीड़ित की कैसे सहायता करेंगे ?
8. चौराहे पर जेब्रा क्रॉसिंग क्यों होता है ?
9. सड़क पार करते समय क्या सावधानी रखनी चाहिए ?
10. किस रंग के सिग्नल को देखकर वाहन चालक रुक जाता है ?

**अथवा**

उपर्युक्त चित्र का वर्णन दस वाक्यों में कीजिए |

**(4)** **चित्र का अवलोकन करके प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(7)**



1. हमें रास्ता कहाँ से क्रोस  करना चाहिए?
2. चित्र में कौन-कौन से यातायात के साधन दिखाई देते हैं ?
3. सड़क के किनारे बैठने की क्या व्यवस्था है ?
4. ठेलेवाला सड़क के किनारे पर क्या बेच रहा है ?
5. चित्र में कौन से साधन गलत दिशा में जा रहे हैं ?
6. कुत्ता क्यों भौंक रहा है ?
7. मालवाहक यातायात के साधनों के नाम लिखिए ।

**H 721 : समानार्थी शब्द, विरुद्धार्थी शब्द, मुहावरों और कहावतों का वाक्य में प्रयोग करते हैं।**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

**प्रश्न : 2 (1)  सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

**1. 'खुशबू की लहरें जब घर से, बाहर आ दौड़ लगाती हैं । वाक्य में '<u>लहर'</u> शब्द का क्या अर्थ होता है?**

A. तरल
B. तरंग
C. तमस
D. ताजगी

**2. शब्दार्थ की गलत जोड़ पहचानिए।**

A. दुनिया=संसार
B. हरियाली=बंजर जमीन
C. याद=स्मरण
D. लहराना= हिलौरें लेना

**3. शब्दार्थ की गलत जोड़ पहचानिए।**

A. दुनिया=जगत
B. खुशबू=सुगंध
C. सुबह=शाम
D. लहर=तरंग

**4. 'मंज़िल' का समानार्थी शब्द लिखिए।**

A. ध्येय
B. रास्ता
C. सफ़र

D. घर

**5. 'सुबह'का समानार्थी शब्द नहीं है।**

A. सवेरा
B. प्रातःकाल
C. प्रभात
D. संध्या

**(2) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द कोष्ठक में से ढूँढकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (5)**

(जग, प्रभु, बाग, हवा, लहर)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| द | र | व | जा | भ |
| त | रं | ग | या | ग |
| न | ज़ | नि | न | वा |
| थ | दु | व | मि | न |
| उ | प | व | न | ना |

**(3) रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द योग्य विकल्प पसंद करके लिखिए | (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (5)**

**1. मेरी दीदी मुझे <u>प्यार</u> करती है ?**

A. प्रसून , अनुराग
B. स्नेह , अनुराग
C. ममता , बसन

**2. <u>गाय</u> हमारी माता है |**

A. वयस्विनी , वनराज
B. गो , धेनु
C. धेनु , केसरी

**3. आज बहुत <u>गरमी</u> है |**

A. ताप , उष्णता
B. ऊष्मा , द्रुम
C. शशि , इंदु

4. **<u>शेर</u> जंगल का राजा है |**

A. नाहर , ईश
B. केसरी, नाहर
C. केसरी, बसन

5. **<u>ईश्वर</u> आपकी रक्षा करें |**

A. ईश,नग
B. भगवान, प्रभु
C. जगदीश , राकेश

**(4) निम्नलिखित विलोम शब्दों का योग्य वर्गीकरण कीजिए | (10)**

**लाभ , वीर, निर्माण , आकाश , एकता , प्रेम , पाताल , घृणा , ध्वंस , अनेकता , कायर , हानि , निर्मल , योग्य , क्रय , अनुज , विक्रय , अयोग्य , अग्रज , मलिन**

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| | |
| | |

| | |
|---|---|
| | |
| | |

## H721.03 मुहावरें का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करते हैं |

**प्रश्न : 3 (1) योग्य विकल्प को चूनकर उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)**

**हेतूलक्षी प्रश्न**

**1. "नौ दो ग्यारह होना" मुहावरे का क्या अर्थ है?** **(7)**

A. भाग जाना
B. इकट्ठा होना
C. धोखा देना
D. खुश होना

**2. "अंधेकी लकड़ी" मुहावरे का क्या अर्थ है?**

A. एक मात्र सहारा
B. बहुत कमजोर
C. एक आँखवाला
D. लकड़ी का टुकड़ा

**3. "आग बबूला होना" मुहावरे का क्या अर्थ है ?**

A. बहुत खुश होना
B. बहुत क्रोधित होना
C. आग लगाना
D. आग से खेलना

**4. "कान भरना" मुहावरे का क्या अर्थ है?**

A. कान में कुछ कहना
B. चुगली करना
C. कान साफ करना
D. कान में तेल डालना

**5. "ईद का चाँद होना" मुहावरे का क्या अर्थ है?**

A. हररोज मिलना
B. कभी-कभी मिलना
C. बहुत दिनों बाद दिखाई देना
D. चाँद देखना

**6. "कोई चारा न होना" मुहावरे का क्या मतलब है?**

A. घास-फूस न होना
B. कोई चौर न होना
C. कोई उपाय न होना
D. आँगन न होना

**7. निम्न लिखित में से कौन - सा मुहावरा नहीं है।**

A. नौ, दो, ग्यारह हो जाना
B. चार चांद लगना
C. पाँच उंगलियाँ घी में होना
D. छः आसमान पर होना

**(2) परिच्छेद में से मुहावरे ढूँढकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |** **(6)**

**आती संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न**

एक बार रामू का दोस्त मोहन बहुत बुरी तरह घायल हो गया, यह दृश्य इतना भयानक था कि रामू का हृदय हिल गया। रामू डॅर के मारे हक्का-बक्का रह गया। लोगों की मदद पाने के लिए वह तुरंत वहाँ से भागा। अस्पताल पहुँचकर उसने देखा कि मोहन की हालत बहुत खराब है और इलाज करवाने के लिए उसके पास फूटी कौड़ी भी नहीं है | डॉक्टर ने पैसे माँगे, तो रामू ने आव देखा न ताव, तुरंत अपने पापा से पैसे लाकर इलाज शुरू करवाया। हालत ऐसी थी कि इंतजार करने के अलावा कोई चारा नहीं था। आखिरकार, जब मोहन को होश

आया और वह ठीक होने लगा, तो रामू फूट-फूट कर रोने लगा क्योंकि वह डर गया था कि कहीं वह अपने दोस्त को खो न दे।

**अथवा**

**परिच्छेद में दिए गए मुहावरों के अर्थ की सही जोड़ी बनाकर उनका वाक्य प्रयोग कीजिए |**

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| हृदय हिल जाना | जोर-जोर से रोना |
| फूटी कौड़ी न होना | चकित होना |
| आव देखा न ताव | कोई उपाय न होना |
| कोई चारा न होना | बिना सोचे समझे काम करना |
| फूट-फूट कर रोना | बहत अधिक डर जाना |
| हक्का-बक्का रह जाना | अत्यंत गरीब होना |

**H 728 भाषा की शाब्दिक और वाक्य संबंधी खूबियों को जानकर उचित उपयोग करते हैं।**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

**प्रश्न : 4 (1)** **योग्य विकल्प को चूनकर उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(10)**

1. **इनमें से कौन- सा शब्द शुद्ध है** ?

A. ईश्वर
B. ईष्वर
C. इश्वर
D. ईश्शवर

**2. कौन - सा वाक्य शुद्ध है** ?

A. वह लड़की गा रही है।
B. वह लड़की गा रहा है।
C. वह लड़की गाता है।
D. वह लड़का गाती है।

**3. इनमें से कौन- सा शब्द शुद्ध है**?

A. अध्ययन
B. अध्यन
C. अध्यायन
D.अध्ययान4.

4. **इनमें से कौन- सा वाक्य अशुद्ध है**?

A. मैं आज विद्यालय जाऊँगा।
B. आज मैं विद्यालय जाऊँगा।
C. मैं विद्यालय आज जाऊँगा।
D. विद्यालय मैं आज जाऊंगा।

**5. इन में से कौन सा शब्द शुद्ध है**?

A. कवि
B.कवी
C. कविन
D.कवीन

**6. शब्द का शुद्ध रूप क्या है** ?

A. अहल्या
B. अहिल्या
C. अहिलया
D. अहील्या

**7. इन में से शुद्ध शब्द कौन सा है** ?

A. प्रदर्शन

B. परदशन
C. प्रदरशन
D. प्रदर्शनी

**8. शब्द का शुद्ध रूप क्या है?**

A.अधिकर
B.अध्कार
C.अधिकार
D.अघिकार

**9. इनमें से कौन- सा वाक्य अशुद्ध है?**

A. उसने मुझे पुस्तक दी।
B.उसने मुझे पुस्तक दीये।
C. उसने मुझे पुस्तक दी थी।
D.उसने मुझे पुस्तक दी है।

**10. शब्द का शुद्ध रूप क्या है?**

A. उपरोक्त
B.उपर्युक्त
C.उपरोकत
D. उपायुक्त

**(2) गोले में से देखकर शुध्द वर्तनीवाले शब्द छाँटकर लिखिए। (10)**

**कृपया, ज्योती,अत्यधिक,
आशीर्वाद,गृह, परिक्षा,
अहिल्या,मजबूरी, पुज्य,
श्रीमति,अधीन, परिस्थिती,
मुश्किल, लक्षमण,त्यौहार,
बारिश,हालत**

**1...............**
**2.............**
**3..............**
**4.............**
**5.............**
**6.............**

7.............
8.............
9.............
10............

(2) **अशुद्ध विधान शुद्ध करके फिर से लिखिए।** (10)
**अति संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न( प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)**

1. आप मेरी और आ जाइए।
2. हिमालय सबसे ऊचा पर्वत है।
3. राम ने नगरजन से क्या कहा।
4. पिंजरे मे शेर दहाड रहा है।
5. बच्चा रास्ते पर बिना डरे चल पाएंगे।
6. उसका खुराक अच्छा है।
7. उसका नाक लंबा है।
8. राम- लक्ष्मण ओर सीता वन में गए।
9. धरती पर बारिश गिर रहा है।
10. आप लोग क्या कर रहा है ?

**H723 शब्द के वचन परिवर्तन को जानकर उसका व्यवहार में प्रयोग करते हैं।**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

**प्रश्न : 5** **(1) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर सही विकल्प पसंद करके लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** (10)

**1. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द एकवचन है?**
A. लड़के
B. घोड़े
C. किताब
D. पत्तियाँ

2. **'लड़की' शब्द का बहुवचन रूप क्या है**?
A. लड़की
B. लड़कियाँ
C. लड़कीओ
D. लड़कींया

**3. 'पुस्तक' का बहुवचन क्या होगा**?
A. पुस्तकें
B. पुस्तक
C. पुस्तकें
D. पुस्तकों

4. **'आदमी' शब्द का बहुवचन रूप क्या है**?
A. आदमी
B. आदमियों
C. आदमीयो
D. आदमियां

**5. 'घोड़ा' शब्द का बहुवचन रूप क्या है**?
A. घोड़ों
B. घोड़े
C. घोड़ा
D. घोड़ो

6. **निम्नलिखित वाक्यों में से एकवचनवाले वाक्य को पहचानिए।**
A. छात्रों को पढ़ना अच्छा लगता है।
B. सभी शिक्षक आ गए।
C. मुझे रात को छात्र मिला था।
D. सभी छात्र खेल रहे हैं।

**7. निम्नलिखित में से कौन- सा शब्द बहुवचन नहीं है।**
A. दर्शन
B. हस्ताक्षर
C. जनता
D. बाल
8. **निम्नलिखित में से कौन- सा एकवचन नहीं है।**
A. हवा
B. वर्षा
C. आग
D. समाचार
**9.' गुरु' का बहुवचन होगा-**
A. गुरूए
B. गुरुओं
C. गुरुजन
D. गुरुवो
**10. किस शब्द में बहुवचन बनाने में परिवर्तन होगा-**
A. पेड़
B. घर
C.भाल
D. घोड़ा

**(2) निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित शब्द का वचन परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए। (10)**
**अति संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न( प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)**
1. लड़का पढ़ाई कर रहा है।
2. घोड़ा तेज दौड़ रहा है।
3. बारिश में बूँदे गिर रही है।
4. खिलाडी का सम्मान हुआ।
5. शिक्षिका जा रही है।
6. किताब सुन्दर है।
7. फूल खिला है |
8. विद्यार्थी पाठशाला में जाते हैं |
9. पेड़ों पर बन्दर बैठे हैं |
10. चिड़िया ख़ुशी के गीत गाती है |

**(3) निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन शब्द ढूँढकर वचन परिवर्तन करके वाक्य लिखिए। (10)**
(छात्र, लड़का, दरवाजा, कहानियाँ, बूँदे, चुटकुले, बच्चे, दोहा, गुब्बारा, कुत्ते)

**H 727: शब्दकोश का उपयोग करते हैं।**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

**प्रश्न: 6 (1) सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। (HOT) (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (4)**
**1. हिंदी शब्दकोश में 'ज्ञ' से पहले कौन- सा अक्षर आता है?**
A. त्र
B. क्ष
C. श्र
D. ज्ञ
**2. शब्दकोश में 'क' से शुरू होनेवाले शब्दों में सबसे पहले कौन- सा शब्द आएगा?**
A. कमल
B .कान
C. कंगन
D. कक्षा
**3. हिंदी शब्दकोश में 'ई' की मात्रावाले शब्द, 'इ' से पहले आते हैं या बाद में?**

A. पहले
B. बादमें
C. समान
D. इनमें से कोई नहीं

**4.शब्दकोश में'क्ष' से शुरू होनेवाले शब्दों का क्रम क्या होगा?**
A. क्ष, क्षमा, क्षत्रिय
B. क्षत्रिय, क्षमा, क्ष
C. क्ष, क्षत्रिय, क्षमा
D. क्षमा, क्षत्रिय, क्ष

**(2)** **सूचना अनुसार उत्तर लिखिए | (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(4)**

**संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न**

1. अपनी कक्षा के पाँच बच्चों के नाम लिखकर उन्हें शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
2. किन्हीं पाँच फल, फूल के नाम लिखकर उन्हें शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
3. किन्हीं पाँच प्राणी, पक्षी के नाम लिखकर उन्हें शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
4. बारिश, पालतू, जगत, क्षमा, ज्ञान - इनमें से शब्दकोश के क्रम में तीसरा शब्द क्या होगा?

**H 724.01** **संज्ञा के प्रकार समझते हैं।**

**प्रश्न: 7** **(1) सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

**1. संजय बड़े पेड़ पर चढ़ सकता है।**
**उपर्युक्त वाक्य में कौन- सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?**
A. संजय
B. बड़ा
C. पेड़
D. चढ़ना

**2. निम्नलिखित वाक्यों में से व्यक्तिवाचक संज्ञावाले वाक्य को चुनिए।**
A. सागर मेरा दोस्त है।
B. सागर गहरा होता है।
C. फूल सुगंध देता है।
D. मुझे पानी पीना है।

(3) **इनमें से कौन- सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है?**
A. गंगा
B. हिमालय
C. नदी
D. भारत

**4. "पंछी" शब्द में कौन- सी संज्ञा है?**
A. जातिवाचक संज्ञा
B. व्यक्तिवाचक संज्ञा
C.भाववाचक संज्ञा
D. द्रव्यवाचक संज्ञा

**5. "संजय" शब्द में कौन- सी संज्ञा है?**
A.जातिवाचक संज्ञा
B. व्यक्तिवाचक संज्ञा
C. समूहवाचक संज्ञा
D. द्रव्यवाचक संज्ञा

(2) **नीचे दिए गए संज्ञा शब्द को कोष्ठक में वर्गीकृत करें।** **(5)**
(**फूल**, **नदी, सुमित्रा**, **चूहा**, **पर्वत**, **गंगा**, **सूरजमुखी**, **वडोदरा**, **रमेश**, **मोर**)

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**H 715** **कोई घटना, प्रसंग, संवाद, चूटकूले और कहानी को मौलिक भाषा में अभिव्यक्त करते हैं ।**

निबंध प्रकार के प्रश्न

**प्रश्न : 8 (1)** **निम्नलिखित परिच्छेद को अपने विचार से विकसित कीजिए। (HOT)** **(5)**

आप और आपका मित्र अपनी पाठशाला में परीक्षा देने जा रहे **हैं** - एक बुज़ुर्ग रास्ता पार कर रहे थे- एक मोटरकार तेज गति से निकली - बुज़ुर्ग गिर गए-गहरी चोट आई- आप क्या करेंगे?

**(2)** ' कौए' के ऊपर कोई भी कहानी लिखिए। **(5)**

**(3)** हाथी और चींटी के ऊपर कोई कहानी लिखिए। **(5)**

**(4)** अगर आप प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी साहब से मिलते हैं तो उनके साथ आपके जो संवाद होंगे, वो लिखिए। **(5)**

**(5)** ' हाथी' के ऊपर एक चूटकूला लिखिए। **(5)**

**(6)** आपकी जिंदगी में घटित ऐसा प्रसंग लिखिए, जिस प्रसंग से आपको अपनी गलती का अहसास हुआ हो और कुछ अच्छी सीख मिली हो। **(5)**

**H 703.02** **कविता सूनकर एवं पढ़कर समझते हैं ।**

संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न

**प्रश्न -9** **(1) काव्य पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(5)**

चिड़ियों से है उड़ना सीखना,
तितली से इठलाना।
भौरों की गुनगुन से सीखना,
राग मधुरतम गाना।
तेज लिया सूरज से हमने,
चाँद से शीतल छाया।
टिक-टिक करते तारों की,
हम समझ गए सब माया।
सागर ने सिखलाई हमको,
गहरी सोच की धारा।
गगनचुंबी पर्वत ने सीखा,
हो ऊँचा लक्ष्य हमारा।
समय की टिक-टिक ने समझाया,
सदा ही चलते रहना।
मुश्किल कितनी आ जाए,
पर कभी न पीछे हटना।
प्रकृति के कण-कण में है,
सुंदर संदेश समाया।

1. पर्वत से हमें क्या सीख मिलती?
2. प्रकृति के कौन -से तत्व हमें धीरज रखने की प्रेरणा देते हैं ?
3. सूरज से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?
4. उपर्युक्त काव्य को योग्य शीर्षक दीजिए ।
5. नदी को 'लोकमाता' क्यों कहा गया है ?

**(2) काव्य पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6)**

महक उठती है मिटटी की खुशबू ,
चहक उठती है कोयल की रंगीली राग,
खिल जाती है मुस्कान चेहरे पर,
सिर्फ बारिश की बूँद से |
लहरा उठती है फसलें ,
सुन्दर- सा वातावरण लिए ,
लहर -सी दौड़ जाती है
तन में एक अजब -सी तरंग लिए ,
सिर्फ बारिश की बूँद से !

1. उपर्युक्त कविता में किस ऋतु की बात कही गई है ?
2. बारिश आने पर पेड़ों में क्या परिवर्तन दिखाई देता है ?
3. वर्षाऋतु के पहले कौन -सी ऋतु होती है?
4. उपर्युक्त कविता का शीर्षक लिखिए |
5. पेड़ों के पत्तों पर बारिश की छोटी-छोटी बूँदे होती हैं |उसे क्या कहते हैं?
6. कोष्ठक में से ढूँढ़कर लिखिए | (बूँद, ओस)

**H712 'क्या',' कौन',' क्यों', 'कैसे',' कब' और 'कहाँ' वाले प्रश्नों का उत्तर मौखिक और लिखित रूप से देते हैं ।**

संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न

**प्रश्न : 10 दो- तीन वाक्य में उत्तर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न के दो अंक) (22)**

1. ज्यादा बारिश होने से क्या होता है ?
2. आपको कौन-सा मौसम पसंद है? क्यों?
3. बारिश गिरने के बाद प्रकृति में क्या -क्या परिवर्तन होता है ?
4. कुत्ते की वफादारी कहानी से कौन - से गुण सीखने को मिलते हैं ?
5. बिना सोचे कार्य करने से क्या होता है ?
6. कुत्ते की वफादारी कहानी के आधार पर सेठ की जगह आप होते, तो क्या करते ?
7. हमें पालतू प्राणियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए।
8. कुत्ता हमारे घर की रक्षा किस प्रकार करता है ?
9. पुराने समय में लोग कौन-कौन सी चीजें गिरवी रखते थे ?
10. पाठशाला में प्रवेशोत्सव से पहले क्या- क्या तैयारियाँ होती हैं ?
11. पाठशाला में 26 जनवरी के लिए क्या- क्या तैयारियाँ होती हैं?

**H718 शब्दों को सही क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाते हैं ।**

अति संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न

**प्रश्न : 11 (1) शब्दों को सही क्रम में रखकर वाक्य लिखिए। (5)**

1. हरियाली लहराती है मैदानों में।
2. गीत गाती खुशी के है माला ।
3. आती है तब तुम्हारी याद।
4. खुशबू लहर की बाहर घर से दौड़ लगाती है।
5. सुबह का खुशनुमा होता है वातावरण।

**(2) निम्नलिखित शब्द/वाक्य को सही क्रम में रखकर वाक्य फिर से लिखिए। (6)**

1. है, मेरा, नाम, अमित

......................................

2. पढ़ता, हूँ, मैं, रोज़, किताब

..............................................

3. रहा, है, खाना, खा, रमेश

................................................

4. किन शब्दों को जोड़कर अर्थपूर्ण वाक्य बनेगा ?

1. आसमान, है,तीखा,लोहा
2. पैर,तेरा, है,खट्टा
3. है,मेरी,कमीज,मिठी
4. कमीज,है,मेरी,नीली

..................................................

5. गौरव, कल्पना चावला ने, हमारा, बढ़ाया है

..................................................

**H708 परिच्छेद को पढ़कर समझते हैं।**

**हेतु लक्षी प्रश्न**

**प्रश्न : 12** **(1) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न के एक अंक)** **(4)**

"क्या कहा? कहीं कोई स्त्री या पुरुष इतने सारे विषय हमें सिखा सकता है?" "क्यों नहीं? वह बच्चों को सारे विषय समझाते थे, गृहकार्य देते थे और प्रश्न पूछते थे।अध्यापक बच्चों के घर नहीं जाते थे बल्कि बच्चे एक विशेष भवन में जाते थे जिसे स्कूल कहते थे।"

**1. अनुच्छेद में स्कूल के लिए कौन- सा शब्द प्रयुक्त हुआ है?**

A. घर
B. पार्क
C. विशेष भवन

**2. सही विलोम शब्द की जोड़ी पर निशान लगाए।**

A. प्रश्न - सवाल
B. पूर्व - पश्चिम
C. रात - रजनी

**3. उपर्युक्त परिच्छेद में किसके महत्व को बताया गया है?**

A. घर
B. पार्क
C. अध्यापक

**4. उपर्युक्त अनुच्छेद में अंग्रेजी भाषा का शब्द कौन- सा है ?**

A. भवन
B. स्कूल
C. बल्कि

**(2)** **निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(7)**

सच्ची मित्रता जीवन का एक अनमोल रत्न है। एक सच्चा मित्र वह है जो सुख-दुख में हमेशा साथ देता है। वह न केवल हमारी खुशियों में शामिल होता है, बल्कि मुश्किल समय में भी हमारे साथ खड़ा रहता है। मित्रता का आधार विश्वास, समझदारी और एक-दूसरे के प्रति सम्मान होता है। पुरानी कहावत है कि "एक सच्चा मित्र हजार रिश्तेदारों से बेहतर होता है।" आज के समय में, जब लोग अपने काम और तकनीक में व्यस्त हैं, सच्चे मित्र मिलना मुश्किल हो गया है। सोशल मीडिया पर भले ही हमारे सैकड़ों दोस्त हों, लेकिन उनमें से कितने हमारे सच्चे साथी हैं ?हमें चाहिए कि हम अपने मित्रों के साथ समय बिताएँ, उनकी भावनाओं को समझें और उनके साथ मजबूत रिश्ता बनाएँ। सच्ची मित्रता वही है जो समय और परिस्थितियों की कसौटी पर खरी उतरे।

**1. सच्ची मित्रता को जीवन का अनमोल रत्न क्यों कहा गया है ?**

**2. योग्य विकल्प चुनकर बताइए कि –**

**सच्चा मित्र वह है जो...........**

A. केवल खुशियों में साथ दे।
B. सुख-दुख दोनों में साथ दे।
C. केवल सोशल मीडिया पर बात करे।
D. कोई साथ न दे।

**3. 'जाँच' शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए|**

**4. सच्चा मित्र किसे कहते हैं?**

**5. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए|**

**6 'मित्र' का विलोम शब्द लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए |**

**7. शाला में आप अपने मित्र को किस प्रकार मदद करते हो?लिखिए |**

**(3)** जल हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। यह बिना स्वाद, रंग और गंध वाला तरल पदार्थ है। सभी जीवों को जीवित रहने के लिए जल की आवश्यकता होती है। हम पीने, खाना पकाने, सफाई, सिंचाई और उद्योगों में जल का प्रयोग करते हैं। वर्षा जल का मुख्य स्रोत है। लेकिन आज जल की मात्रा धीरे-धीरे कम होती जा रही है। नदियों, झीलों और तालाबों का जल प्रदूषित हो रहा है। हमें जल को बचाना और उसका सही उपयोग करना चाहिए। **(5)**

1. जल प्रदूषित होने के दो कारण लिखिए |
2. मनुष्य जल का उपयोग किन-किन कार्यों में करता है?
3. जल का मुख्य स्रोत क्या है?
4. आज जल की कौन-सी समस्या बढ़ रही है?
5. जल बचाने के दो उपाय लिखिए |

**H717 परिचित विषय पर अपने विचार मौखिक और लिखित रूप से व्यक्त करते है |**

**निबंध प्रकार के प्रश्न**

**प्रश्न 13 निम्नलिखित विषय पर दस वाक्य लिखिए | (प्रत्येक प्रश्न के दस अंक)**

1. मेरा प्रिय त्योंहार
2. रोज सुबह उठकर स्कूल आनेतक आप क्या-क्या करते हैं लिखिए।
3. प्रार्थना कार्यक्रम के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।
4. आप अपने पिताजी के साथ मेले में गए हों, तब आपने क्या-क्या देखा और महसूस किया, लिखिए।
5. आप किसी की शादी में गए हों, तो वहाँ आपने जो देखा उसका वर्णन कीजिए।
6. वर्षाऋतु

**H 732 काव्य पंक्तियों को पढ़कर उनका भावार्थ बता सकते हैं|**

संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न

**प्रश्न : 14 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर – समझकर प्रश्नों के उत्तर चूनिए।** **(5)**

अम्मा तुमने तो ला करके
मुझे दिए पैसे चार
कौन खिलौना लेता हूं मैं
तुम भी मन में करो विचार।
तुम सोचोगी मैं ले लूंगा
तोता,बिल्ली,मोटर,रेल
पर माँ यह मैं कभी ना लूँगा
यह तो है बच्चों के खेल।

**1. ' अम्मा' का अर्थ क्या होता है**?

A. चाचा
B. मामा
C. माँ
D. दादी

**2. बच्चा अम्मा को क्या विचार करने को कहता है**?

A. मैं कब बड़ा बनूँगा।
B. मैं तोता, बिल्ली, मोटर और रेल क्यों लूंगा
C. मैं पैसों से क्या लूँगा |
D. मैं कौन-कौन से खिलौने लूँगा |

**3. उपर्युक्त पद्यांश में अंग्रेजी शब्द कौन- सा है**?

A. मोटर
B. तोता
C.चार
D. बूक

**4. "तुम सोचोगी मैं ले लूंगा|" वाक्य में सर्वनाम कौन सा है?**
A. सोचोगी
B. ले
C.लूंगा
D. तुम

**5. उपर्युक्त पद्यांश में" यह तो है बच्चों के खेल" इस वाक्य का कहने का तात्पर्य क्या है?**
A. मैं बच्चों जैसे खिलौने लूँगा।
B. मैं बड़ा होकर खिलौने लूँगा।
C. मैं बच्चों जैसे खिलौने नहीं लूँगा।
D. मैं कुछ अच्छे खिलौने लूँगा।

**(2) निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।** **(5)**

1 जब छम- छम बूँदे गिरती हैं,
बिजली चमचम कर जाती है।
मैदानों में बन बागों में
जब हरियाली लहराती है।

2 कलियाँ दरवाज़े खोल- खोल
जब दुनिया पर मुस्काती हैं।
खुशबू की लहरें जब घर से
बाहर आ दौड़ लगाती हैं।

**H710 ढाँचे पर से पर से कहानी का कथन एवं लेखन करता हैं |**

**निबंध प्रकार के प्रश्न**

**प्रश्न -15 नीचे दिए गए मुद्दों पर से कहानी का निर्माण कीजिए |** **(10)**

(1) एक बड़ा राज्य - राजा का एक वफादार सेवक भीमा - हर परिस्थिति में राजा के साथ रहना - राजा का शिकार पर जाना - डाकुओं का मिलना - भीमा का राजा को ढूँढना - योजना बनाकर डाकुओं से राजा को बचाना - राजा का खुश होना - भीमा को मंत्री बनाना - सीख।

(2) एक घना जंगल - जंगल में पुराना मंदिर - लोगों का दर्शन के लिए आना - रास्ते में भूखे प्यासे भिखारी को देखना - मदद माँगना - किसी का उस पर ध्यान न देना - एक दयालु व्यक्ति - भिखारी की मदद - भगवान का प्रकट होना- दीन दुखियों की सेवा ही सच्ची पूजा है । सीख |

(3) एक नौकर द्वारा हार चोरी करना - सेठ का सभी नौकरों से पूछना - किसी का चोरी कबूल न करना सेठ द्वारा युक्ति करना - प्रत्येक को सात-सात इंच की लकड़ी देना - जादू की छड़ी होने की बात कहना - दूसरे दिन दिखाने को कहना - चोर की लकड़ी एक इंच बढ़ जाएगी - घर जाकर हार चुराने वाले नौकर का एक इंच लकड़ी काटना - दूसरे दिन चोर का पकडे जाना - सीख|

(4) एक निर्दयी राजा – गुलाम को दंड – गुलाम का जंगल में भाग जाना – सिंह से भेंट – सिंह के पैर से काँटा निकालना – मित्रता – गुलाम की गिरफ्तारी – मौत की सजा – उसे भूखे सिंह के सामने छोड़ना – सिंह का स्नेहपूर्ण व्यवहार – दोनों की रिहाई – सीख।